▼ ब्रीफ खबरें

## अवैध शराब के खिलाफ अभियान, एक को जेल

**धनसार।** धनसार पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ अनुग्रह नगर व बेरा में अभियान चलाया. इस दौरान बेरा से दीपक चौहान के घर छापेमारी कर नौ बोतल बीयर और अनुग्रह नगर से रंजीत कुमार वर्णवाल की दुकान में छापेमारी कर बीयर की 12 बोतल जब्त की है. दीपक के घर से उसकी बाइक भी बरामद की है.पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पकड़े गए रंजीत को जेल भेज दिया गया है.

## बाइक सवार युवक टकराकर कोमा में गया

**महुदा ।** धनबाद बोकारो पुराने मार्ग में मंगलवार की रात महुदा मोड़ के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में दूसरी बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना के बाद से ही वह कोमा में बताया जाता है. घायल की पहचान कुंजी बस्ती निवासी बीसीसीएल कर्मी निमाई तिवारी के पुत्र आनंद तिवारी (25) के रूप में हुई है. घटना के बाद आसपास के लोगों ने घटना की सूचना आनंद के परिजनों को दी. सूचना पाकर आनंद के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तथा उसे इलाज के लिए धनबाद अस्पताल ले गए. बताया जाता है कि आनंद की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया है . आनंद विवाहित बताया जाता है.

## नाबालिग से दुष्कर्म बीस साल की कैद

**धनबाद ।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने आरोपी सह जियालगोड़ा जोड़ापोखर निवासी अफरोज अंसारी को पोक्सो एक्ट की धारा छह में दोषी पाकर बीस वर्ष की सश्रम कैद व दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी अफरोज ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर होटल ब्लैक स्टोन ले गया. जहां उसके साथ दुष्कर्म किया. जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे दवा खिलाकर उसका गर्भ भी गिरा दिया.

## चिरकुंडा में चलंत पनशाला का शुभारंभ

**मैथन ।** इस भीषण गर्मी में लोगों के प्यास बुझाने के उद्देश्य के तहत बुधवार को मानव सेवा परिवार, चिरकुंडा द्वारा चलंत पनशाला का उद्घाटन हरी झंडी दिखाकर किया गया. यह चलंत पनशाला अगले एक माह तक पूरे चिरकुंडा नगर क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की प्यास बुझाने की काम करेगी. इस दौरान मानव सेवा परिवार द्वारा बीच बीच में खीरा, ककड़ी, शरबत, चना आदि का भी वितरण आम लोगों के बीच किया जाएगा. कहा कि परिवार द्वारा मानव के सेवा के क्षेत्र में कई कार्यक्रम चलाए जाते गए है.

## पुरानी रंजिश को लेकर चले लाठी-डंडे, एक गंभीर

**धनसार।** गांधी रोड के अजय रजक को एक दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार की सुबह तेतुलतल्ला ग्राउंड के पास लाठी डंडे से पीटकर लहुलुहान कर दिया. इस दौरान वहां सब्जी खरीदारी कर रहे लोगों के बीच भगदड़ मच गई. वहां के दुकानदारों ने इसकी सूचना बैक मोड़ पुलिस को सूचना दी. इधर स्थानीय लोगों ने अजय को बेहोशी अवस्था में जोड़ाफाटक रोड स्थित नर्सिंग होम ले गए. जहां चिकित्सकों ने उसे एसएनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया. वारदात को लेकर पुरानी रंजिश बतायी जा रही है.

## संविधान बचाने का चुनाव है : सुधांशु शेखर

**निरसा ।** धनबाद जिला कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य सह निरसा चुनाव संचालन समिति प्रभारी सुधांशु शेखर झा ने कहा है कि इस बार का चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है. यह बात उन्होंने यहां कांग्रेस की बैठक के दौरान कही. यह बैठक निरसा स्थित सिन्दरी कालोनी में हुई.जिसमें दूसरे चुनाव प्रभारी संतोष राय भी उपस्थित थे. बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर ने कहा कि इस बार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान बचाने की चुनाव है. जिसकी आगुवाई राहुल गांधी कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर भारत के संविधान को बदलने और अपने चंद अरबपति मित्रों को खरबपति बनाने की जुगत में नरेन्द्र मोदी लगे हैं.

### पुलिस पर हमला व वाहन क्षतिग्रस्त मामले में पुलिस कर रही है छापामारी

# गिरफ्तारी नहीं, दस नामजद सहित तीन अज्ञात पर प्राथमिकी

संवाददाता। कतरास



गजलीटांड में बन रहे सरकारी पुल निर्माण में रंगदारी की खबर पाकर पहुंची अंगार पथरा ओपी पुलिस पर कतिपय युवकों के द्वारा हमला करने और पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त करने के मामले ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता और संवेदक के अलग अलग शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है. साथ ही हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है.हालाकि घटना के एक दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ हमलावरों तक नहीं पहुंचे हैं .दोनों शिकायत के आलोक पर पुलिस ने दस लोगों को नामजद और तीन अज्ञात को अभियुक्त बनाया है . नामजदों में मंगला उर्फ मंगला यादव, विक्की गुप्ता,शुभम सिंह,पोकी उर्फ रविशंकर, शिवानी भुइयां, अमित कुमार सरकार, दिपक कुमार यादव, अनिकेत पासवान, अमन पासवान, विकास पासवान सहित अन्य शामिल हैं. पहली शिकायत ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. विधाता ने अपनी शिकायत में लिखा है कि मंगलवार की शाम 6.30 में सूचना मिली कि गजलिटांड में नव निर्माणाधीन पुल के पास कुछ उपद्रवी युवकों द्वारा रंगदारी मांगने को लेकर सरकारी पुल का कार्य बाधित किया जा रहा है. सूचना के आलोक पर पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा उरांव एवं शस्त्रबल के साथ मौके पर पंहुचे तो देखा कि 10 से 12 युवक रंगदारी मांगने के लिए इकट्ठा हुए थे.

**पुलिस वाहन पर पत्थरबाजी शुरु कर दी**

पुलिस वाहन को देखते ही अचानक युवकों ने हो हल्ला करते हुए पुलिस वाहन पर पत्थरबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे. सभी युवक लाठी डंडे पटरा उठा बेलोरो पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त करते हुए उसमें रखें चुनाव संबंधी कागजात एवं पोस्टर कों भाड़ दिया. साथ ही हमारे साथ एवं अन्य पुलिस सहकर्मियों को लाठी डंडे से वार किया. जिसमें पुअनि कृष्णा उरांव चोटिल हो गए . पुल निर्माण कर रही कंपनी के कर्मियों द्वारा पता चला कि उपद्रवी युवकों द्वारा कर्मियों के साथ मारपीट कर एक सुपरवाइजर से पैसा भी छिन लिया गया है. दूसरी मामला संवेदक दिपक सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. संवेदक ने अपनी शिकायत में लिखा है कि उक्त युवकों द्वारा कर्मियों के साथ मारपीट कर एक सुपरवाइजर के पोकोट से आठ हजार रुपए छीन कर रंगदारी की मांग की जा रही थी.

### अपना सांसद कैसा हो

# धनबाद का नाम रोशन करने वाला ही बने सांसद

संवाददाता। धनबाद

**धनबाद को कैसा सांसद चाहिए, का सवाल लेकर शुभम संदेश ने रायशुमारी शुरू की है. इसमें बुधवार को शहर के कई मोहल्लों के लोगों से बातचीत की गई. पेश से बातचीत के अंश.**

**अपना नहीं जो धनबाद का नाम रोशन करे : संजय**



धनबाद हीरापुर के रहने वाले संजय कुमार ने कहा कि धनबाद का सांसद साफ छवि का हो, जो अपना नहीं धनबाद शहर का नाम रोशन करे. धनबाद में एयरपोर्ट बनवाये . क्योंकि यहां देश की कई बड़ी संस्थानें हैं, जैसे आईआईटी, सिंफर, सीएमआरआई, बावजूद इसके यहां एयरपोर्ट नहीं है. इस कारण यहां बाहर से शिक्षा ग्रहण करने आये बच्चों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है शिक्षा , स्वास्थ और सड़क को भी दुरुस्त करे.

**जो कराए रोजगार की व्यवस्था : सुमन दो**



धनबाद मनईटांड़ के रहने वाले व्यवसायी सुमन दे ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद के विकास के बारे में सोचे .धनबाद की लोकल समस्या का समाधान करे .बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करे .जिले में वर्षों से रही जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण करवाये. ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार कि कोई परेशानी ना हो.

**बेदाग व लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को दुरुस्त करे : सौरभ**



धनबाद के रहने वाले एमआर सौरभ गोस्वामी ने कहा कि धनबाद का सांसद बेदाग और लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था को दुरुस्त करने वाला हो ताकि धनबाद कि जनता निर्भिक हो कर अपना जीवनयापन कर सके. धनबाद की जन समस्या जैसे पानी, बिजली, स्वास्थ्य , शिक्षा , सड़क और साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दे.

**एयरपोर्ट और एम्स लाने वाला हो : राजेश**



धनबाद दामोदरपुर के रहने वाले एमआर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद में एयरपोर्ट और एम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा सके. प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त हो ताकि हमारा धनबाद भयमुक्त हो .पानी, बिजली,सड़क, साफ-सफाई, ओवरब्रिज जैसी सुविधा उपलब्ध हो और युवा बेरोजगारों को रोजगार मिले. ताकि जिले में बढ़ती बेरोजगारी दूर हो.

### केशलपुर में बीस दिनों से श्रमिकों के आवासों में नहीं पहुंचा पानी

# पानी की समस्या को लेकर फूटा महिलाओं का आक्रोश

संवाददाता। कतरास



प्रचंड गर्मी में जलापूर्ति की समस्या से त्रस्त बीसीसीएल एरिया चार के केशलपुर कोलियरी के श्रमिक कॉलोनी की आक्रोशित महिलाओं ने बुधवार कोलियरी हाजरी घर व फिल्टर प्लांट में जमकर बवाल काटा. हाजरी घर में मौजूद प्रबंधन नागदेव यादव को महिलाओं ने खूब खरी सुनाई.इस दौरान महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अविलंब जलापूर्ति करने की मांग की. केसलपुर श्रमिक कॉलोनी के विभिन्न मुहल्लों से पहुंचे दर्जनों की संख्या में पहुंची महिलाओं ने बताया कि करीब दस -पंद्रह दिनों से हमलोगों के आवासों में कंपनी द्वारा जल आपूर्ति नहीं की जा रही है, जहां तहां पाइप लाइन फटी हुई है.जिससे लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं. भीषण गर्मी में सुबह से पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है .दूर दराज से पानी लाकर किसी तरह काम चला रहे हैं . समस्या से अवगत करवाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं कर रही है. बीसीसीएल कर्मी व स्थानीय प्रबंधन ड्युटी पर आते तो हैं लेकिन हाजिरी बनाकर केवल इधर-उधर घूम कर टाइम पास कर चले जाते है.

**खास बातें**

- हाजरी घर व फिल्टर प्लांट में कांटा बवाल
- मौजूद प्रबंधन को महिलाओं ने खूब खरी खोटी सुनाई

महिलाओं ने चेतावनी भरी लहजे में कहा कि कंपनी प्रबंधन अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और अविलंब श्रमिक कॉलोनियों में जलापूर्ति सुचारु रुप से करे. वरना हम कॉलोनी की महिलाएं अधिकारियों को बंधक बनाकर कोलियरी परिसर में धरना पर बैठेंगे.



**कुछ जगह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त**

इधर प्रबंधन नागदेव यादव ने कहा कि पानी की समस्या को लेकर महिलाएं पहुंची थी. कुछ जगह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है. उसको अविलंब दुरुस्त कर लिया जाएगा. साथ ही जल्द समस्या के समाधान की दिशा में पहल की जाएगी. हर हाल में सभी आवासों तक पानी पहुंचाया जाएगा .मौके पर सरिता देवी,बानी देवी,कृष्णा देवी,बीणा देवी,सुनीता देवी,सोखोदि हेम्ब्रम,लक्ष्मी देवी,नूनी देवी,शीला देवी,कमलेश कुमार,जीतू सिंह,मिथुन कुमार सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे.

## थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर

**धनसार।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद में बुधवार को मुस्कान एक प्रयास सामाजिक संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन केन्द्रीय संस्थपिका ललिता चौहान की ओर से किया गया. ललिता ने कहा कि किसी भी थैलेसीमिया पीडित बच्चों को रक्त की कमी के कारण किसी प्रकार की असुविधा न हो. इस अवसर पर संस्था की ओर से 15 यूनिट रक्तदान किया गया. इस अवसर पर झारखंड चुनाव आईकॉन श्वेता किन्नर, रवि शेखर, मनोज सिंह, नेहा कपूर, काजल बाउरी, साधन रवानी, मो हासिम, बंदना बाउरी, माधव चक्रवर्ती,मुकेश कुमार, संजय चौहान,चन्दन खेसारी लाल के अलावे अन्य उपस्थित थे.

## सूर्योदय सेवा समिति ने लगायी पानी की मशीन

**मैथन ।** चिरकुंडा नगर क्षेत्र के तीन नंबर चढ़ाई स्थित मां तारा काली मंदिर में बुधवार को सूर्योदय सेवा समिति द्वारा ठंडे पानी की एक मशीन लगाई गयी.जिसका उद्घाटन चिरकुंडा नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने फीता काटकर किया. सूर्योदय सेवा समिति के सदस्य श्याम गाडिया ने बताया कि यह एक ऐसा मंदिर है, जहां पर कई वर्षों से हर दिन नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती आ रही है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं. श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य के तहत ठंडे पानी की मशीन लगाई गई है. मौके पर सूर्योदय सेवा समिति के श्याम गाडियां, टोनी माधव गढ़िया, गुड्डू सिंह, रवि निगानिया, अरविंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल उपस्थित थे.

**न्यूज अपडेट**

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए चेंबर ने निकाली रैली



**पुटकी।** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने जागरूकता अभियान रैली निकाली. रैली चेम्बर के अध्यक्ष हीरा शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई. पुटकी कोलियरी गेट से रैली निकल कर थाना मोड़ से वापस लौट गई. चेम्बर के सदस्यों ने "पहले मतदान फिर जलपान" का नारा लगा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की. रैली में महासचिव मो मुर्तज़ा अंसारी, शाहरुख़ ख़ान, राजू अंसारी, केदार वर्णवाल, सुनील सोनी, बबलू वर्णवाल, संजय रजक, निरंजन शर्मा, हुकुम चन्द्र अग्रवाल आदि शामिल थे.

## एक किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**झरिया ।** झरिया पुलिस ने मंगलवार को दोपहर में छापामारी कर तीन लोगों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार झरिया थाना पुलिस की टीम ने बनियाहीर, कतरास मोड़, कोयरीबांध समेत कई इलाकों में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री को लेकर छापामारी अभियान चलाया. छापामारी के दौरान तीन लोगों को धर दबोचा, जो गांजे की बिक्री कर रहे थे. गिरफ्तार लोगों में कोयरीबांध का कल्लू साव, पिता स्व. हरिहर साव, बनियाहीर का मोनू सिंह, पिता श्रवण सिंह और अशोक सिंह, पिता विश्वनाथ सिंह शामिल हैं.

## पुलिस दिव्यांग व गर्भवती महिला की सहायता करें

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर "चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां" पर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया. इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान पुलिस को आम जनता में निर्भीक होकर मतदान करने का विश्वास बढ़ाना है. मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांग या गर्भवती महिला को सहायता प्रदान कर शीघ्र मतदान करवाना है. उन्होंने मतदान के दिन विधि व्यवस्था और उससे जुड़ी गाइडलाइंस की जानकारी दी.उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले ईवीएम प्राप्त करके सीधे मतदान केंद्र तक तथा मतदान समाप्त होने के बाद पोल्ड ईवीएम को सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक लाना है. इस दौरान रूट चार्ट का पालन करना है.

## पदाधिकारी ने किया मतदाता जागरूकता गीत लॉन्च

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में समर्पित कला मंच द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए निर्मित खोरठा मतदान गीत को लॉन्च किया. खोरठा मतदान गीत के प्रस्तुतकर्ता हारूण रशीद ने बताया कि "पांच बछरे आवेय परब महान, देशेक हित खातिर छोड़ा सब काम, चला चला साथी चला हो करे मतदान" गीत मतदाता जागरूकता के तहत, मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए गीत लॉन्च किया गया हैं. ये गीत लोगों को उनके मतदान के अधिकार के बारे में जागरूक करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बनाया गया हैं. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, गायक हारुण रशीद, गीतकार सतीश सिन्हा, समर्पित कला मंच के अमन सिद्दकी एवं बेलाल अहमद मौजूद रहे.

## शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**मैथन ।** मैथन में रिसेप्शन पार्टी में हुए मारपीट व चाकूबाजी मामले के मुख्य आरोपी के भाई के लिखित शिकायत पर मैथन पुलिस ने मृतक विश्वजीत महतो सहित नौ नामजद एवं 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. मुख्य आरोपी आकाश शर्मा ऊर्फ सोन्टी के बड़े भाई विकास मिस्त्री ने अपने शिकायत में कहा है कि मेरा भाई आकाश शर्मा ऊर्फ सोन्टी ममेरे भाई वरूण शर्मा के साथ अपने बचपन के दोस्त मैथन निवासी राहुल कुमार पासवान के रिसेप्शन पार्टी में 29 अप्रैल को मैथन गया था. जहां रिसेप्शन पार्टी में खाने को लेकर पहले ममेरे भाई वरूण के साथ कुछ लोगों के साथ बाकझक शुरू हुई. मेरा भाई आकाश बीच बचाव करने गया, तभी वहां उपस्थित विश्वजीत महतो (मृतक), अभिजीत महतो, गुड्डू, सूरज, लाला, छोटू, रवि बाउरी, नासिर, भीम महतो एवं करीब अन्य 20 लोगों ने बांस, लोहे के रड आदि से जान मारने की नीयत से हमला कर दिया.

## एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का लिया संकल्प

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा प्रखंड के नौ पंचायत के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए. इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने के लिए बूथ स्तर पर रणनीति बनाई गई. बैठक को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी के सर्वमान्य नेता और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के निर्देश पर जदयू के कार्यकर्ता गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने के लिए संकल्पित है. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और तीसरी बार 400 पार के साथ केन्द्र में सरकार बनाएगी.

# मुगमा के लखीमाता कोलियरी में विस्फोट, तीन कर्मी घायल




संवाददाता। निरसा

इसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत लखीमाता कोलयरी में बुधवार सुबह खदान के अंदर बारूद का एक बड़ा विस्फोट होने से कार्यरत कई कोलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये. आनन फानन में प्रबंधन द्वारा घायल कर्मियों को उचित इलाज के लिए किसी अस्पताल ले जाया गया. हालांकि घटना के संबंध में कुछ भी बताने से प्रबंधन ने इंकार कर दिया. जानकारी के अनुसार घटना लखीमाता कोलियरी अंडरग्राउंड खदान की है. वहां के कुछ कोल कर्मियों ने बताया कि बीती मंगलवार की दी रात उक्त खदान में 45 बारूद का विस्फोट कोयला निकालने के लिए किया जाना था, जो खदान के अंदर बारूद माइनिंग अधिकारी ले गए और विस्फोट किया. फिर इसकी सूचना संबंधित कार्यालय में दी.

बुधवार की सुबह जब उक्त खदान के उसी स्थान पर तीन कोल कर्मी ड्रिल करने पहुंचे तो जैसे ही उन्होंने ड्रिल मशीन जमीन में लगाकर ड्रिल करना शुरू किया बहुत जोरदार धमाका हुआ और मौके पर ही तीन कोल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये. कोल कर्मियों ने बताया कि इस विस्फोट का मूल कारण बीती रात जो 45 बारूद का विस्फोट किया गया था.

## मोदी के नेतृत्व में ही भविष्य उज्ज्वल : उमेश

**निरसा ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी धनबाद जिला की ओर से बलियापुर प्रखंड के समलपुर पंचायत में गंगाधर महतो के घर पर प्रहलाद चंद्र महतो की अध्यक्षता में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष के रूप में रामप्रवेश महतो को चुना गया. समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी उपस्थित थे. गोस्वामी ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी को पार्टी का पत्ता देकर पार्टी में शामिल कराया तथा लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समर्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को वोट देकर विजय बनाने का आह्वान किया. गोस्वामी ने कहा कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत का भविष्य है. इसलिए हम सबको एक एक अपना वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार होकर को विजयी बनाने का काम करें.

# व्यय प्रेक्षक ने बोकारो और चंदनकियारी का किया दौरा



संवाददाता। धनबाद

धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार द्वारा बुधवार को बोकारो स्थित व्यय अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण कर समीक्षा किया गया. व्यय प्रेक्षक ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैलियां, जुलूस द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध का निर्देश दिया. इस दौरान वह प्रेक्षक आनंद कुमार ने व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित स्थैतिक जांच दल तथा उड़न दस्ता दल के अतिरिक्त वीडियो सर्विलांस टीम एवं वीडियो व्यूइंग टीम द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया.

धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार द्वारा बुधवार को बोकारो स्थित पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत मिर्धा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया.

### निरसा | बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक

# मासस की जीत के लिए अभियान तेज करें : अरूप चटर्जी

संवाददाता। निरसा



बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की एक बैठक मासस कार्यालय में बुधवार को यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई.

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री पूर्व विधायक अरुप चौधरी ने कहा कि हमारे संगठन की ओर से जगदीश रवानी लोकसभा के प्रत्याशी हैं. उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्र के मजदूरों के बीच में व्यापक संपर्क अभियान तेज करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं. वहीं प्रधानमंत्री मुद्दों की बात नहीं कर केवल गारंटी की बात कह रहे हैं. मजदूरों के अधिकार छीन लिए गए, श्रम कानून को समाप्त कर दिया गया तथा सरकारी उद्योगों का निजीकरण कर लोकतंत्र पर प्रहार किया जा रहा है. भाजपा केवल कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में काम कर रही है. यह गरीब और आम आदमी की पार्टी नहीं है. बैठक में 13 मई को केलियसोल, 17 को निरसा में सभा तथा 21 में को मुगमा से चिरकुंडा पैदल जुलूस में बढ़ चढ़कर भाग लेने का तथा मुगमा क्षेत्र की सभी कोलियरियों में गेट मीटिंग करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही 27 सदस्यीय मुख्य संचालन समिति का गठन किया गया. जिसमें आगम राम, कार्तिक चंद्र दत्त, लालू ओझा, रामजी यादव, अमित मुखर्जी, डी मानिकपुरी, तापस चटर्जी, मगन बाउरी, उत्तम कर, माधव राय, हरेंद्र शर्मा, किशोर माझी, कमल बाउरी, दीपक सिंह, आरएन मिश्रा, शंकर सिंह, पप्पू सिंह, विजय सिंह, कुंज बिहारी मिश्रा, हरेराम, भागीरथ राह,वरोशन मिश्रा, खोखर दास, संपद मंडल, शुभम विश्वकर्मा, अरविंद कुमार, रामानंद राजभर, मिलन भारती को चुना गया.

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया

**धनबाद ।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ आभा अकिंचन वर्मा धनबाद दौरे पर हैं. बुधवार को वे ऑब्जरवेशन होम, गोमो, तोपचांचीची आदि क्षेत्रों का दौरा किया. धनबाद में असर्फी अस्पताल के पास भीषण हादसे में दो बहनों की दर्दनाक मौत के मामले को भी उन्होंने संज्ञान में लिया है. बुधवार को उन्होंने आरोपियों के संबंध में जानकारी ली. साथ ही मृत बच्चियों के मातापिता से भी गोमो जाकर मिली. मातापिता टीम को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे. दोनों मृत बहनें शिक्षक नेता जय होरो की बेटी थी.डॉ वर्मा तोपचांची स्थित कस्तूरबा आवासीय उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया.

## ब्रीफ खबरें

### दो डाक्टरों के एक दिन के वेतन पर रोक

**साहिबगंज।** बुधवार को सदर अस्पताल में सुधार की कोशिश के बीच ड्यूटी पर अनुपस्थित एवं नदारद रहने वाले दो चिकत्सकों पर कार्रवाई की गई. मिली जानकारी के अनुसार डीडीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद्र कुमार ने डॉ सचिन कुमार, डॉ संजीव कुमार प्रसाद के एक दिन के वेतन में रोक लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है.

### गिरिडीह के मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन

**बोकारो ।** बोकारो पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबू एवं निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया. रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल हैं. मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता उपस्थित थे.

### भाजपा तिसरी मंडल कार्यालय का उद्घाटन

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी मुख्यालय स्थित गांधी मैदान के समीप बुधवार को भाजपा तिसरी मंडल कार्यालय का उद्घाटन किया गया . इस मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे. इसके सिंघो, ककनी और देवानजोत में भाजपा कमिटी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर जनता से भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की गई. इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोज यादव ने मोदी सरकार द्वारा दिए गए मुफ्त शौचालय, मुफ्त राशन, नल जल योजना आदि कार्यों का जमकर बखान किया .साथ ही उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला.

### रैयतों को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम सुनवाई

**बोकारो ।** कसमार से बरलंगा पथ चौड़ीकरण कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण के एवज में मुआवजा भुगतान को लेकर बुधवार को कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जिला भूअर्जन विभाग ने कैंप कोर्ट लगाया. इस दौरान कुल 48 रैयतों, जिनमें बगियारी के 25, कसमार के 8 तथा गर्री के 15 रैयत शामिल हैं, के मामले की सुनवाई की गयी. मौके पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संबंधित गांवों के रैयतों के लिए दावा प्रस्तुत करने की यह अंतिम सुनवायी है.

### कांग्रेस की जमानत जब्त होगी: निशिकांत

**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा है कि चुनाव में यहां कांग्रेस तीसरे स्थान पर रहेगी और उसकी जमानत जब्त होगी. मेरा मुकाबला ओवैसी की पार्टी से आने वाले उम्मीदवार से होगा. भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने एक दर्जन से अधिक गांव और पंचायतों में जाकर जनता से सीधा संपर्क किया.

### हांसदा को जिताने का लिया संकल्प

**पाकुड़।** झामुमो नगर कमिटी की बैठक में राजमहल लोकसभा के प्रतयाशी विजय हांसदा को जिताने के लिए बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ने की. वहीं बैठक में नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि एक जून को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय हांसदा को भारी मतों से जिताकर भाजपा के अहंकार को तानाशाही को मुहतोड़ जवाब देना है.मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, नगर उपाध्यक्ष रियाज अंसारी, नगर उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी, प्रदीप हाजरा, राहुल सहा , राजेश यादव, कमल राउत, पिकलू शेख , नूर मोहमद ,जूनियर रियाज तथा दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे.

---

आयोग के निर्देश के बावजूद वर्षों से जमे अभियंता का नहीं हुआ तबादला

# मैनेज कर दस वर्षों से गोड्डा में जमे हैं कनीय अभियंता

संवाददाता। गोड्डा



**खास बातें**

- चुनाव से पूर्व सेटिंग कर विभाग ही बदलवा लेते हैं
- मलाईदार विभाग में रहकर खाने खिलाने में हैं माहिर
- पुलिस विभाग से भी ऐसी ही कई शिकायतें मिली है

चुनाव के मद्देनजर तीन वर्ष से अधिक समय से जिला में जमे सरकारी अधिकारी कर्मचारियों और जिला पुलिस बल में पदस्थापित कर्मियों को लोकसभा क्षेत्र से बाहर ट्रांसफर करने का प्रावधान किया गया है. इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सह सचिव के. रवि कुमार द्वारा भी विभागीय पत्र भेजकर सचिव एवं जिला पदाधिकारी को आगाह दिया गया था. बावजूद गोड्डा जिला में कुछ अधिकारी धूल झोंक कर दस से अधिक वर्षों से जिला में जमे हुए हैं.

ऐसे ही एक कनीय अभियंता पिछले करीब दस वर्षो से गोड्डा जिला में कार्यरत हैं. चालाकी यह होती है कि चुनाव से पूर्व सेटिंग कर विभाग को ही बदलवा लेते हैं. कभी लघु सिंचाई विभाग में कार्य कर रहे होते हैं और जैसे ही तीन चार साल बीता, मैनेज कर एनआरईपी में पोस्टिंग करवा लिया. फिर अगले तीन चार साल तक निश्चिंत होकर काम किया. जैसे ही चुनावी सुगबुगाहट हुई फिर पीडब्ल्यूडी में ट्रांसफर करा लिया. इसी तरह का खेल करते हुए एक अभियंता गोड्डा जिला में जमे हुए हैं. गौर करने वाली बात यह है कि ऐसे अभियंता मैनेज करने के अपनी कार्यशैली की वजह से नेताओं, ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच अच्छे खासे लोकप्रिय हैं. इनके खिलाफ कहीं से कोई सुगबुगाहट नहीं उठती. मलाईदार विभाग में रहकर लूटने और बांटने का खेल ये बखूबी जानते हैं और ऐसे अधिकारियों के फलने फूलने के लिए गोड्डा की आबोहवा भी बहुत माकूल है. ऐसे ही कुछ शिकायतें पुलिस विभाग से भी मिल रही है. चुनाव आयोग के आदेश को धत्ता बताकर जिला में जमे हुए अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ आयोग द्वारा इस दिशा में जांच कर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है.

---

# उपायुक्त ने वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया, निर्देश दिए



संवाददाता। साहिबगंज

बुधवार को लोकसभा आम चुनाव - 2024 की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -उपायुक्त, हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन के लिए वाहनों के संग्रह स्थल का निरीक्षण किया.

इस क्रम में उपायुक्त ने पुलिस लाइन मैदान में बन रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्क्षप , मोटर यान निरीक्षक, विजय गौतम उपस्थित थे.

---

झामुमो इंडिया गठबंधन के राजमहल प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# सबको मिलकर संविधान बचाना है : विजय हांसदा

- पाकुड़ सदर प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर मांगा वोट

संवाददाता। पाकुड़





राजमहल लोकसभा के प्रत्याशी विजय हांसदा ने कहा है कि सभी को मिलकर संविधान को बचाया है. इसके लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है. यह बात उन्होंने यहां जन संपर्क अभियान के दौरान लोगों को अपने संबोधन में कही. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, महिलाओं, किसानों, दलितों, पिछड़ो, युवाओं सभी के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई. जो कि अभी भी राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में लगातार चल रही है. आज राज्य में सड़कों का जाल बिछ चुका है. गरीबों के लिए सरकार ने सोना सोबरन धोती लुंगी साड़ी योजना के माध्यम से मात्र दस रुपये में धोती/लूंगी और साड़ी देने का काम किया. लेकिन केंद्र सरकार ने साजिश के तहत हमारे नेता श्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर झारखंड के आदिवासियों व मूलवासियों का अपमान किया है.

**आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान :** पाकुड़ सदर प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में झामुमो एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर राजमहल लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की. जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से राजमहल सांसद सह वर्तमान प्रत्याशी विजय हांसदा भी उपस्थित रहें. जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रखंड क्षेत्र के गुलदाहा, रामचंद्रपुर, बेलडांगा, पोडा.बागान, मेनका पाड़ा, काकलामारी, गगन पहाड़ी, पुराना पाली मोड एवं नया पाली मोड़, आमतलला गांव में जाकर आगामी एक जून को होनेवाले मतदान में तीर कमान पर बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा वोट से विजय हांसदा को जिताने की अपील की.

मौके पर बुद्धि सेवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मजदूर मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान कांग्रेस पार्टी के जिला महा सचिव सोनू आलम पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलीमुद्दीन शेख प्रखंड सचिव राजेश सरकार दया दयानंद भगत तारकेश्वर भगत आवेदक अंसारी नूर वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन मजदूर मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार झा सहित सैकड़ो की संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे.

**हांसदा को विजयी बनाकर दिल्ली भेजें**

जनसंपर्क के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय हांसदा को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करें . मोदी सरकार के द्वारा संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही हैं .अगर आप लोग संविधान बचाना चाहते हैं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनाएं .

---

### छह ने खरीदा नामांकन प्रपत्र,नामांकन नहीं

**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन बुधवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने बताया कि बुधवार को अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन नाम निर्देशन के लिए कुल छह लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा. दो दिनों में अब तक कुल 18 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है. बुधवार को नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव,ज्ञानेश्वर झा ( जागरूक जनता पार्टी ), कुमारी डिलेश्वरी ( अंबेडकर शहीद पार्टी इंडिया), अभिषेक आनंद झा, बजरंगी महथा (पार्टी- बहुजन समाज पार्टी ) एवं राजेश झा के नाम शामिल हैं. नामांकन के पहले दिन दो उम्मीदवारों ने जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा भरा था.

### पुलिस ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद पुलिस की तरफ से बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान के तहत बेंगाबाद प्लस टू उच्च विद्यालय घुठिया, मध्य विद्यालय दूधीटांड़ और मुर्गमी में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई गई. इस क्रम में विद्यालयों में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्कूली बच्चों को मतदान के महत्व को समझाया. मौके पर पदाधिकारियों ने बच्चों को अपने अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही और सभी को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने अपील की गई.

---

# छापेमारी में अवैध महुआ शराब जब्त,भट्ठी भी ध्वस्त की गई



संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

लोक सभा निर्वाचन को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा अवैध शराब छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है . बुधवार की सुबह पुलिस कप्तान के निर्देश पर जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार के नेतृत्व में जमुआ थाना क्षेत्र के बाघमरा गांव में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की गई. हालांकि इस दौरान संचालक भागने में सफल रहा .छापामारी के दौरान 1450 किलो जावा महुआ एवं 20 लीटर महुआ शराब पाई गई है . जिसे जमुआ पुलिस ने नष्ट कर दिया. साथ ही अवैध शराब कारोबारी विदेश साव उर्फ दुर्गा साव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.इस दौरान जमुआ पुलिस पदाधिकारी हरेंद्र सिंह सहित पुलिस बल के अलावे उत्पाद विभाग के पदाधिकारी महेंद्र देवगन , पुलिस कर्मी सुरेंद्र यादव ,भगवान राय, अजय सिंह मौजूद थे .

---

# निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)

गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने बुधवार को विस क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया. इस क्रम में उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के मानजोरी, झलकडीहा, गेनरो, लुप्पी, गोलगो, चितमाडीह, हरिला, छोटकी खरगडीहा पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की. मौके पर अर्जुन बैठा ने लोगों से गांडेय विधानसभा का प्रतिनिधित्त्व लोकल उम्मीदवार के हाथों में देने की बात कही.

---

# प्रेक्षकों ने डिस्पैच और रिसिविंग काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण



संवाददाता। बोकारो

गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू एवं धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया. मौके पर गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी, संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे.

निरीक्षण के क्रम में गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू एवं धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी, योजना के संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली.

---

झामुमो के वरीय नेता हेमलाल मुर्मू ने प्रेस कांफ्रेस कर दी जनकारी

# भाजपा आदिवासी विरोधी : हेमलाल

संवाददाता। साहिबगंज



झामुमो के वरीय नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा है कि भाजपा की मंशा आदिवासी विरोधी रही है और जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां के आदिवासी उपेक्षित हैं. यही वजह है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनको षड़यंत्र के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है. यह बात उन्होंने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कही. उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है इस बार 400 सीटें लाकर संविधान बदलेंगे. ऐसे में सीएनटी, एसपीटी एक्ट नहीं बच पाएगा.

उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में झामुमो के ही विधायक लोबिन हेम्ब्रम परोक्ष रूप से भाजपा को मदद करने का काम कर रहे हैं. कल उन्होंने नामांकन किया. उनका कहना है चुनाव लड़ेंगे चाहे पार्टी निकाल दे. वे दूसरे के इशारे और पैसे पर नाच रहे हैं. इन्हें वोट मिलेगा यह सम्भव नहीं. अनुशासन तोड़ने वाले पर कार्रवाई होगी. पानी सिर के ऊपर बहने लगा. पहले भी देख चुके हैं कि गुरु जी को चुनाव लड़ना था तो सीट नहीं छोड़ा. उन्होंने यह भी कहा कि सीएम 10 को साहिबगंज आ रहे हैं. कल्पना सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल के मंत्री सत्यानाद भोक्ता भी उनके साथ रहेंगे. संवाददाता सम्मेलन में शाहजहां अंसारी, एम टी राजा, स्टीफन मुर्मू, सुरेंद्र यादव, विशाल मुर्मू, राजू अंसारी, प्रो मोजम्मिल हक, गोपाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- भाजपा 400 सीटें लाकर संविधान बदलना चाहती है
- ऐसे में सीएनटी– एसपीटी एक्ट कैसे बच पाएगा

---

# कसमार प्रखंड के समाजसेवी भुवनेश्वर महतो का निधन, शोक

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे धधकिया निवासी समाजसेवी भुवनेश्वर मुंडा (76 वर्षीय) का निधन बुधवार को हो गया. उनके निधन से कसमार समेत बोकारो जिले के अन्य प्रखंडों में शोक पसर गया है. दोपहर को खांजो नदी स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो, गोमिया के जिप सदस्य सह पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के प्रतिनिधि आकाशलाल सिंह, मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार समेत अन्य दर्जनों लोग उनके घर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया.




भुवनेश्वर मुंडा पिछले पांच दशक से समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते रहे. पहले वे सीसीएल के बेरमो क्षेत्र में नौकरी करते थे. सीसीएल में नौकरी के दौरान ही उन्होंने चार दशक पूर्व पंचायत चुनाव के लिए नौकरी से त्यागपत्र देकर समाजसेवा का कार्य शुरू किया था. इसके अलावा पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के साथ भी उन्होंने लंबे समय तक क्षेत्र में सक्रिय राजनीति भी की. उनका पत्नी, तीन पुत्र, एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार है.

---

डुमरी | ग्रामीणों ने जर्जर बिजली उपकरणों को बदलने की मांग

# मुख्य अभियंता को आवेदन, दुर्घटना की आशंका जताई

संवाददाता। डुमरी



नगरी के ग्रामीणों ने बुधवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नाम स्थानीय विभागीय कार्यालय में आवेदन देकर नगरी दुर्गामंदिर के सामने जर्जर बिजली उपकरणों को बदलने की मांग की है. इन उपकरणों में डीश,कप एवं एंगल शामिल हैं. इन उपकरणों के जर्जर होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. आवेदन में कहा गया है कि नगरी दुर्गा मंदिर के सामने लगे ट्रांसफार्मर के ऊपर लगा डीश,कप व एंगल पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है, जो बिजली काटने के क्रम में पूरी तरह नहीं कटता है. साथ ही नगरी दुर्गा मंदिर से नगरी शिवमंदिर तक बिजली का तार भी पूरी तरह जर्जर स्थिति में है, जो आये दिन टूटता रहता है. कहा गया है कि इन समस्याओं को संज्ञान लेकर शीघ्र डीश,कप व एंगल तथा तार बदलने की दिशा में पहल की जाए.इसके पूर्व झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, सुभाष पंडित, विद्याधर पाठक, मदन मोहली, रबिन्द्र कुमार, उमेश ठाकुर, प्रीतम पांडेय नगरी पहुंच कर ग्रामीणों की उक्त बिजली समस्या से अवगत हुए एवं विभागीय पदाधिकारी को दूरभाष पर समस्या की जानकारी देते हुए इसके निराकरण काआग्रह किया है.

**आवेदन में इनके हस्ताक्षर हैं**

आवेदन में रुपलाल ठाकुर, सीताराम ठाकुर, अजय कुमार साव, रामेश्वर मंडल, सुरेंद्र कुमार साहू, जानकी मंडल, शिव कुमार, दीपक रंगरेज, कृष्णदेव साव, टुपलाल साव, दीनू तुरी, राजा साव, ईश्वर तुरी, राहुल ठाकुर, रिंकु साव, विनोद मंडल, नारायण सिंह, सुनीता देवी, सोनी देवी, मीरा देवी, विजय कुमार पांडेय, किरण देवी, कुसुम देवी, मुनिया देवी, बबीता देवी, पार्वती देवी, जुली देवी के हस्ताक्षर हैं.

**खास बातें**

- ट्रांसफर्मर के ऊपर लगा डीश एंगल पूरी तरह जर्जर
- यूनियन के नेता समस्याओं से अवगत हुए
- विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर सूचना दी

---

**AFFIDAVIT**

**NOTARY PUBLIC, LATEHAR**

I, Rohit Kumar Sharma, father Bhola Vishwakarma, resident of village Gopalganj Tola Jaynagar, Post and Police Station Lesligang, District Palamu, State Jharkhand, State on oath that :-

1. That I am a resident of the above name and address.
2. That my Aadhar card number is 4099 6575 7835 in which my name is recorded as Niraj Kumar which is wrong.
3. That my name is recorded as **Rohit Kumar Sharma** in my education certificate which is correct.
4. That I am known and recognized by the name of **Rohit Kumar Sharma**.
5. That I am executing this affidavit to verify the name of **Rohit Kumar Sharma** in place of **Niraj Kumar** in my Aadhar card.

I Rohit Kumar Sharma affirm that the details of the above written affidavit are true and correct to the best of my knowledge.

**Notary Public Latehar**
**Affidavit No. 18948**

**शपथपत्र**

**सक्षम नोटरी पब्लिक मेदिनीनगर, पलामू**

मैं, **रोहित कुमार शर्मा**, पिता भोला विश्वकर्मा, ग्राम गोपालगंज टोला जयनगर, पोस्ट एवं थाना लेस्लीगंज जिला पलामू, राज्य झारखण्ड शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं. 4099 6575 7835 है जिसमें मेरा नाम **निरज कुमार** दर्ज है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम रोहित कुमार शर्मा दर्ज है जो कि सही है।
4. यह कि मैं **रोहित कुमार शर्मा** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाता हूं।
5. यह कि यह शपथपत्र मैं अपना आधार कार्ड में निरज कुमार के जगह रोहित कुमार शर्मा के सत्यापन करने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

**नोटरी, पलामू**
**शपथपत्र सं. 2899**

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पटेल ने बरही प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# कांग्रेस को दिया हर वोट देश हित में होगा

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया. इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की. जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस को वोट देने की बात कही. जय प्रकाश भाई पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नज़र आये. उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हज़ारीबाग़ से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है. कांग्रेस को दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा, क्योंकि ये चोर और निकम्मी मोदी सरकार देश को सिर्फ बेचने का काम कर रही है. कांग्रेस द्वारा वर्षों से कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को अमीरों के हाथों बेच दिया गया है. हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करने वाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है. सिर्फ हज़ारीबाग़ ही नहीं, पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी.



### खास बातें

- कहा–पूरे देश से राजग का सूपड़ा साफ होनेवाला है
- मोदी सरकार निकम्मी,देश को बेचने का काम कर रही

### अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक

जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की. जनसंपर्क में राजद प्रदेश सचिव पूनम यादव, सुखदेव यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम आदि उपस्थित रहे.

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया गांवों का दौरा

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने बुधवार को इंडिया गठबंधन से पार्टी प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड की खपारियावां, नवादा, ढेंगुरा एवं बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया. सिंह ने कहा कि हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है. हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं. मुन्ना सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द हल होगा.कहा कि यह दौरा न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि एक नई शुरुआत का भी संकेत था.

मतदान की तारीख नजदीक आते ही हजारीबाग लोस क्षेत्र से राजग प्रत्याशी ने झोंकी ताकत

# मनीष ने मांडू विस क्षेत्र में किया जनसंवाद

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव का प्रचार अपने चरम पर है. क्षेत्र में मतदान 20 मई को होना है. ऐसे में हजारीबाग सीट से चुनावी मैदान में डटे सभी प्रत्याशी खूब जोर- आजमाइश कर रहे हैं. एनडीए गठबंधन से बीजेपी उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बुधवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के गृह विधानसभा क्षेत्र मांडू में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. इस दौरान उन्होंने वादा किया कि आप सभी का आशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र की तरह संसदीय क्षेत्र में भी आप लोगों के सुख-दुख का भागीदार बनूंगा. जायसवाल का टाटीझरिया और विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र की कुल सात पंचायतों के कुल पंद्रह गांवों में ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. इस क्षेत्र के भाजपा, आजसू और जदयू कार्यकर्ताओं में भी इस दौरान उत्साह देखा गया. जायसवाल ने बुधवार को अपने दौरे की शुरुआत टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के बेडम पंचायत स्थित ग्राम मंगरपट्टा में जनसंवाद से किया. इसके बाद ग्राम बेड़म, गोधिया, मुरुमातू, बेरहो, आठ माइल, भूताही, उपरैली मुरगांव, चितरामो, गोविंदपुर, गोविंदपुर पोस्ट ऑफिस चौक, पानी टंकी चौक, बरहमोरिया, कुसुम्भा व विष्णुगढ़ के लोगों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया.



### जात-पात से ऊपर उठकर फिर बनाएं मोदी सरकार

जायसवाल ने कहा कि सोच–समझकर जात– पात से ऊपर उठकर देश के गरीबों के न्याय और अधिकार के लिए और राष्ट्र की मजबूती के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाएं. पहली बार पिछले करीब 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब की सेवा का जो संकल्प लिया उसे निभाया. अगले पांच साल तक मुक्त राशन, हर घर तक नल से शुद्ध जल पंहुचाने का काम होगा.

### मनीष जायसवाल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में नयाटांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, लुरूंगा पंचायत के बूथ अध्यक्षों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. अपना बूथ सबसे मजबूत को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए. मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, भगीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, सुरेश महतो, विजय कुमार, सचिदानंद पांडेय, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, नागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### होम वोटिंग की तिथि में आंशिक संशोधन

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के निमित्त वरिष्ठ मतदाता एवं वैसे विकलांग मतदाता, जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है, के लिए होम वोटिंग कराए जाने का प्रावधान है. पूर्व में होम वोटिंग कराये जाने की तिथि 9 मई से 14 मई निर्धारित की गई थी, परंतु अपरिहार्य कारणवश उक्त तिथि में संशोधन करते हुए होम वोटिंग कराये जाने की तिथि 10 मई से 14 मई तक निर्धारित की गई है.

### भाकपा प्रत्याशी का जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार, अमनारी, डंडई, ओरिया, बैहरी, सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांवों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार ने बुधवार को डोर टू डोर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. वहीं कटकमसांड की लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में की. इसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया.

### कोडरमा में वज्रपात से दो लोगों की हुई मौत

**कोडरमा।** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी. पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (45) की मौत हो गयी. मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले लिया. वहीं चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में इसी तरह की की घटना में मो गुलाम रसूल (30) की मौत हो गयी.

### कांग्रेस ऑफिस सज-धज कर हुआ तैयार

**हजारीबाग।** कांग्रेस ऑफिस सज धज कर तैयार हो चुका है और उसमें अब कांग्रेसियों की बैठक भी होने लगी है. अब यहां से पूरे क्षेत्र की रणनीति तैयार की जा रही है, जसमें पुराने कार्यकर्ता भी शामिल हो रहे हैं. दरअसल, इस ऑफिस में कुछ महीना पहले रिपेयरिंग का कार्य चल रहा था और होटल में मीटिंग होती थी, जिसमें दूर होने की वजह से पुराने नेता एवं बुजुर्ग नेता शामिल नहीं हो पा रहे थे. अब ऑफिस में लगातार मीटिंग की जा रही है, पार्टी प्रत्याशी की जीत की राजनीति तैयार की जा रही है.

### प्रशिक्षुओं को दिलाई गई मतदान की शपथ

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मतदान करने की शपथ ली. इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं को मतदान करने की शपथ दिलाई. इसके अलावा शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण कौशल में दूसरे दिन डॉ मीरा कुमारी के नेतृत्व में जल संरक्षण, वर्षा कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान आधारित तथा स्नेहलता खलखो के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुरक्षा पर आधारित कौशल विकास कराया गया.

डीजल चोरी करने को इंजन बंद कर वाहन सरपट भगाते हैं चालक

# दनुआ घाटी में जानलेवा बन रहा वाहन चालकों का लालच

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड का दनुआ घाटी मौत का घाटी के नाम से विख्यात हो चुका है. इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें जम्पिंग सड़क, घाटी में कई जगहों पर गहरी खाई, आंख झपकना, शराब पीकर वाहन चलाने के साथ सबसे बड़ी वजह जानने पर पैरों तले जमीन खिसक जाएगी. दनुआ घाटी में दुर्घटना के कई कारणों में से एक मुख्य कारण डीजल का चोरी होना भी है. यह सुनकर शायद आपको अटपटा लग सकता है, लेकिन ये बात भी कटु सत्य है.

बता दें कि दनुआ घाटी में झारखंड से बिहार की ओर जाने पर हथिया बाबा से लगभग 7 किमी तक सड़क ढलान है और ढलान होने के कारण कई वाहन चालक डीजल बचाने यूं कहें कि डीजल चोरी करने के ख्याल से गाड़ी के इंजन को बंद कर गियर को न्यूट्रल कर अति तीव्र ढलान में वाहन को सरपट भगाते हैं. जानकार स्थानीय चालक ने बताया कि गाड़ी के डाउन मारने के कारण अक्सर वाहनों का ब्रेक फेल हो जाता है और ब्रेक फेल होने के बाद चालक के हाथ से वाहन अनियंत्रित हो जाता है. इस दौरान सामने जो भी मिलता है उसे रौंदते व टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल या काल के गाल में समा जाते हैं. इसके कारण अबतक कई लोगों, गाड़ी के चालक व खलासी की भी मौत दुर्घटना में हो चुकी है. स्थानीय चालक ने बताया कि घाटी में अक्सर बाहरी गाड़ी ही डीजल चोरी के ख्याल से डाउन मारते हैं और हादसे का शिकार होते हैं. चालक के डीजल बचाने का लालच हादसा का बड़ा कारण बन जाता है और फिर कई बेगुनाहों की भी जान माल की क्षति होती है.



### दनुआ से चोरदाहा तक कई जगहों पर खुलेआम होती है डीजल की खरीद-बिक्री

बता दें कि दनुआ से लेकर चोरदाहा तक कई जगहों पर खुलेआम डीजल की चोरी होती है. चोरदाहा चेकपोस्ट के महज कुछ ही दूरी पर बड़े बड़े जार और ड्राम लगाकर तस्कर चोरी का डीजल खरीदने के लिए दुकान खोलकर बैठे हुए हैं. कई ट्रक और कंटेनर के ड्राइवर मालिक के आंखों में धूल झोंककर गाड़ी से डीजल निकाल कर चोरी छिपे डीजल को बेचते हैं. इससे ट्रक के चालकों को भी वेतन के अलावे अलग से मुनाफा हो जाता है और तस्करों को भी कम कीमत में डीजल मिल जाता है. इससे वे बालू के ट्रैक्टर सहित अन्य गाड़ियों को पेट्रोल पंप के दाम में बेचकर मोटी कमाई करते हैं.

### घाटी में मौत के खेल को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है

दनुआ घाटी में लगातार आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व मौत के खेल को रोकने के लिए ऐसे चालकों और चोरी का डीजल खरीदने वालों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है. जब चोरी का डीजल खरीदने के लिए खरीदार ही नहीं होगा तो चालक भी डीजल चोरी के लिए डाउन नहीं मारेगा और दनुआ घाटी में काफी हद तक मौत के खेल पर भी विराम लग सकता है. साथ ही कई बेगुनाह यात्रियों की भी जान बच सकता है.

हजारीबाग लोस क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में असंतोष

# कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड की नवादा पंचायत से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि हम सब पर भरोसा नहीं जताते हुए चुनाव कार्य से हम अल्पसंख्यकों को अलग कर दिया गया. इसके कारण हमारे आत्मसम्मान को काफी ठेस पहुंची. हम लोगों ने कभी भी पार्टी के निर्देश की अवहेलना नहीं की है, मगर वर्तमान पार्टी प्रत्याशी मनीष जायसवाल द्वारा हम लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाया गया और हमें चुनाव कार्य से बाहर कर दिया गया. इससे आहत होकर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कमरुल अंसारी, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आसिफ राजा, मोहम्मद गुलाम ख्वाजा, मोहम्मद दानिश रजा, अल्ताफ रजा, ताकिर अली, मोहम्मद नजीर अंसारी, मोहम्मद मेहरुल अंसारी, हसीमुद्दीन, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अयूब अंसारी तथा गफ्फार अंसारी ने अपना इस्तीफा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को सौंप दिया.



### खास बातें

- चुनाव कार्य से अल्पसंख्यकों को अलग करने का आरोप
- कहा– इस फैसले से हमारे आत्मसम्मान को ठेस पहुंची


### ड्रीम इलेवन बना बेलकप्पी के संदीप ने जीते पांच लाख

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी निवासी संदीप कुमार राम पिता नकुल राम ने बीती मंगलवार रात्रि को हुए आइपीएल में दिल्ली कैपिटल और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में ड्रीम इलेवन पर अपनी टीम बनाकर नौ सौ चौबीस प्वाइंट प्राप्त किये और चौथे रैंक के साथ पांच लाख रुपये की राशि प्राप्त की है. बताते चलें कि संदीप कुमार राम अपने जीविकोपार्जन के लिए मुबंई में रहकर मजदूरी का कार्य करता है. पैसा जीतने की सूचना से संदीप के घरवालों के साथ ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है.

# कुजू से मांडू तक दर्जनों अवैध डिपो का बेरोकटोक संचालन

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ ज़िला अवैध कोयला तस्करी के लिए पूरे प्रदेश में चर्चित है, लेकिन वर्तमान समय में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर बहुत ही शान से अवैध कोल डिपो सड़क के दोनों ओर संचालित हो रहे हैं. पुलिस थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी सुबह हो या शाम एनएच 33 पर सरपट दोड़ती नज़र आती है, लेकिन उसको ये नज़र नहीं आते. पुलिस का डर इन अवैध डिपो संचालक में नहीं होने के कारण सड़क से कुछ ही गज की दूरी पर बोरियों के ढेर लगाकर कारोबारी कोयला दिन रात बेच रहे हैं. सूत्रों की मानें तो अवैध कारोबार के फलने फूलने में प्रशासन का सहयोग रहता है. सहयोग के बदले डिपो संचालक हर माह चढ़ावा चढ़ाते हैं. वहीं सड़क का अतिक्रमण कर रखी अवैध कोयला की बोरियों को बचाने के चक्कर में कई बार छोटे बड़े वाहन दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं.



# नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद

संवाददाता। चौपारण

पुलिस ने भारी मात्रा में स्पिरिट और नकली शराब बनाने की सामग्री भारी मात्रा में बरामद किया है. थाना प्रभारी दीपक सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ग्राम पड़रिया में सड़क किनारे झाड़ियों में भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) शराब तस्करों को सप्लाई करने को रखा गया है, जिसे चारपहिया वाहन में बिहार ले जाने की योजना भी है.

सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन कर पड़रिया गांव में छानबीन करते करते सुनसान स्थान पर पहुंचकर आस-पास के क्षेत्र में तलाशी ली गई. इस क्रम में सड़क से करीब 20 गज की दूरी पर झाड़ियों में छिपाकर रखे पांच प्लास्टिक के गेलन बरामद हुए. खोलकर देखने पर सभी में करीब 50-50 लीटर अवैध स्प्रिट भरा हुआ पाया गया. वहीं पर एक बड़ी प्लास्टिक की बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी के करीब 2500 पीस नकली ढक्कन, करीब 2500 पीस नकली स्टीकर तथा झारखंड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुए. सभी को जब्त कर थाना लाया गया. जांच के क्रम में पता चला कि उक्त बरामद सामानों को बिहार ले जाने की तैयारी थी, जिनसे नकली शराब बनाकर बिक्री करके अधिक मुनाफाखोरी की जाती. इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-157/24 दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों की तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ छानबीन की जा रही है. छापामारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुअनि निलेश कुमार रंजन एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.



### खास बातें

- पड़रिया में सड़क किनारे झाड़ियों में रखी गई थी
- चारपहिया वाहन से बिहार ले जाने की तैयारी चल रही थी

### तीन बदमाश गिरफ्तार चोरी की पांच बाइक जब्त

**चतरा।** जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने चोरी की पांच बाइका के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपितों में धनबाद निवासी अमर भुईयां, हजारीबाग निवासी सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं. चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव के सोनू कुमार के घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक चोरी कर लेने से संबंधित मामला पांच मई को दर्ज कराई गई थी. इस मामले में डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित टीम ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल से पांच चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया. पुलिस टीम में थाना प्रभारी इटखोरी सूर्य प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, कृष्णा कुमार तिवारी, मो. सब्बास आलम और गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन

# प्रथम 10 स्थान पाने वाले बच्चे सम्मानित

संवाददाता। हजारीबाग

बाबु गांव कोर्रा स्थिति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में बुधवार को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन का आयोजन हुआ. इसका प्रारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह, सदस्य शैलेंद्र कुमार गुप्ता, अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी एवं प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया. प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया. कक्षा सप्तम की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. आचार्य राज सिंह ने अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य एवं भूमिका प्रस्तुत की. शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि शिक्षा तो कहीं से भी प्राप्त होता है लेकिन संस्कार युक्त विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही संभव है. सप्तम की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया.



### ये किए गए सम्मानित

वहीं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को एवं उनके माता पिता को सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वालों में 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पाने वाली कुमकुम कुमारी, 94 .8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही सुरुचि कुमारी, 94 .2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पाने वाले निशा कुमारी, 93 .4 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे रुपेश कुमार, 93 .2 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान पर रही रिषु कुमारी, 92 प्रतिशत अंक के साथ छठे स्थान पर रहे चंदन कुमार, 90 .6 प्रतिशत अंक के साथ सप्तम स्थान पर रहे वरुण कुमार, 90 .2 प्रतिशत अंक के साथ अष्टम स्थान पर रही विद्योत्तमा भारती, 89 .2 प्रतिशत अंक के साथ नवम स्थान पर रहे ऐश्वर्या राज पाठक, 88 .2 प्रतिशत अंक के साथ दशम स्थान पर रही नेहा कुमारी एवं राजन कुमार शामिल रहे. वहीं अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन को सुझाव दिए.

पहल | कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी बधाई के पात्र हैं : तनवीर सिंह

# रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान, उपायुक्त ने बढ़ाया उत्साह

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान सह रक्तदान का आयोजन किया गया. स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन नए समाहरणालय भवन में किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय उपस्थित हुईं. उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया. इसके बाद मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं की हौसला आफजाई की. शिविर में कुल 32 रक्त यूनिट संग्रह किया गया.



### रक्तदाताओं को गुलाब फूल देकर किया सम्मानित

मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है. साथ ही सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई दी. कहा कि 20 मई को मतदान अवश्य करें. वहीं सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके. इसमें जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. रक्त दान करने वालों में नवीन प्रकाश हैमराम, उत्तम कुमार मंडल, सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार, जयंत कुमार तिवारी, सतीश कुमार रजक, लखेद्र महतो अजीत, सतीश तिवारी, राज किशोर प्रसाद, अनिल रजक, निशिकांत उपाध्याय, राहुल रंजन, कुणाल झा, दीपक कुमार, अतुल्य सिन्हा, रवि प्रकाश सिन्हा, मिथिलेश, राकेश कुमार, चंचल कुमार, धीरज राणा, मृत्युंजय कुमार, प्रशांत कुमार, अनुभा स्वेता होरो, अखौरी धीरज कुमार आदि शामिल रहे.

# रेल हड़ताल की वर्षगांठ मनाई

संवाददाता। रामगढ़

ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के युवा रेलकर्मियों ने बुधवार को विभिन्न डिपुओं में गेट मीटिंग के माध्यम से 1974 की ऐतिहासिक रेल हड़ताल की पचासवीं वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर यूनियन के सदस्य तथा स्क्रैप एन पी एस के कन्वेनर अमर कुमार सिंह ने कहा कि आज रेलकर्मी जो बोनस प्राप्त कर रहे हैं वह 1974 के अभूतपूर्व आंदोलन से ही संभव हो पाया है. विश्व प्रसिद्ध 1974 रेल हड़ताल उस समय आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के अध्यक्ष जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में 8 मई को शुरू हुई थी जो 21 दिन तक चली और 28 मई को समाप्त हुई. लाखों रेलकर्मी गिरफ्तार हुए और हजारों को नौकरी से निकाल दिया गया. कुछ रेलकर्मी शहीद हुए, परंतु रेलकर्मियों द्वारा अपने हक की लड़ाई चलती रही. शाखा सचिव एमपी महतो ने कहा कि हम शपथ लेते हैं कि आज हमारी जो विशेष मांगें हैं उसके लिए हम सतत संघर्ष करते रहेंगे. मौके पर बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, हालीम अंसारी, संजय कुमार, सूरज कुमार, अशोक कुमार, एकरार अहमद, बैजनाथ, बिनोद, वकील, महादेव, कुतुबुद्दीन, डीके नायक, महादेव आदि मौजूद रहे.



